Page No. 1
DATE: / /

B.Ed. 1st year

Subject :- Teaching of social science

Topic :- Difference between Essay type and objective type test

:- निबन्धात्मक एवं वस्तुनिष्ठ परीक्षणों में अन्तर

क्र० सं०	निबन्धात्मक परीक्षण	वस्तुनिष्ठ परीक्षण
1.	निबन्धात्मक परीक्षण की रचना सरल होती है और रचना में कम समय लगता है।	वस्तुनिष्ठ परीक्षण की रचना एक कठिन कार्य है जिसमें धन और शक्ति अधिक लगती है।
2.	इस प्रकार के परीक्षण में सीमित विषय-वस्तु से प्रश्न होते हैं।	इस प्रकार के परीक्षण में पूरे पाठ्यक्रम से प्रश्न बनाए जाते हैं।
3.	इस परीक्षण में फलांकन करना कठिन कार्य है।	इस परीक्षण में फलांकन कार्य सरल एवं किसी व्यक्ति द्वारा किया जा सकता है।
4.	इस परीक्षण का निश्चित उत्तर नहीं होता है।	इस प्रकार के परीक्षण का निश्चित उत्तर होता है।
5.	इस प्रकार के परीक्षण में प्रश्नों की संख्या कम होती है।	इनमें प्रश्नों की संख्या अपेक्षाकृत बहुत अधिक होती है।
6.	इस प्रकार के परीक्षण उपलब्धि मापन, चयन और वर्गीकरण के लिए उपयुक्त होते हैं।	इस प्रकार के परीक्षण द्वारा निष्पादन, बुद्धि और अभिक्षमता को मापन हेतु सहायक होते हैं।

P.T.O.

Scanned with CamScanner

	निबन्धात्मक परीक्षण	वस्तुनिष्ठ परीक्षण
7.	इस प्रकार के परीक्षणो मे भाषा और सुलेख को अधिक महत्त्व दिया जाता है।	इस प्रकार के परीक्षणो मे भाषा और सुलेख को कोई महत्त्व नही दिया जाता है।
8.	इस प्रकार के परीक्षणो मे निबन्धात्मक प्रश्न सम्मिलित होते है।	और इनमे वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते है।
9.	इनमे प्रशासन के कोई विशेष निर्देश नही होते है।	इनके प्रशासन हेतु विशेष निर्देश तथा प्रशासन कठिन होते है।
10.	इनमे अनुमान के आधार पर परीक्षार्थी उत्तर नही लिख पाता।	इनमे अनुमान के आधार पर परीक्षार्थी उत्तर लिख पाता है।
11.	इस प्रकार के परीक्षणो के मूल्यांकन पर परीक्षक के मूड का प्रभाव पडता है।	इस प्रकार के परीक्षणो के मूल्यांकन पर परीक्षक के मूड का प्रभाव नगण्य पडता है।
12.	इन परीक्षणो मे वस्तुनिष्ठता का अभाव होता है।	ये परीक्षण पूर्णत: वस्तुनिष्ठ होते है।
13.	ये परीक्षण कम विश्वसनीय होते है।	इन परीक्षणो मे पर्याप्त विश्वसनीयता पाई जाती है।
14.	इन परीक्षणो की वैधता सन्देहपूर्ण होती है।	इन परीक्षणो की वैधता अधिक होती है।
15.	इन परीक्षणो के मानक नही होते है तथा इनके मानक तैयार करना कठिन होता है।	इन परीक्षणो के मानक हो सकते है तथा इनका मानक तैयार करना सरल होता है।
16.	इन परीक्षणो द्वारा रटने की शक्ति पर बल दिया जाता है।	इन परीक्षणो द्वारा रटने की शक्ति पर बल नही दिया जाता है।

Scanned with CamScanner